# SCAT NEWS
# स्कैट समाचार

*The Latest Update on Whats Happening Around Us In The World Of Satellite & Cable TV*

*सैटेलाइट और केबल टीवी की दुनिया में हमारे चारों तरफ क्या हो रहा उसका नवीनतम अपडेट*

## ZEE AUDIT LAPSE FINE ON DELOITTE HASKINS & SELLS

The National Financial Reporting Authority (NFRA) has imposed a Rs 2 crore fine on Deloitte Haskins & Sells for audit deficiencies concerning Zee Entertainment Enterprises Ltd. (ZEEL) during the financial years 2018–19 and 2019–20. Additionally, chartered accountants A.B. Jani and Rakesh Sharma have been fined Rs10 lakh and Rs 5 lakh, respectively.




Jani, the Engagement Partner (EP), has been barred from auditing for five years, while Sharma, the Engagement Quality Control Reviewer (EQCR), faces a three-year ban.

The NFRA highlighted that the auditors failed to exercise professional skepticism, neglected management assertions, and overlooked unauthorized guarantees, premature fixed deposit closures, and fund misappropriations—all involving ZEEL's chairman and management.

## जी ऑडिट में चूक के कारण डेलॉइट हैस्किन्स एंड सेल्स पर जुर्माना

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने वित्तीय वर्ष **2018–19** और **2019–20** के दौरान जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) से संबंधित ऑडिट कमियों के लिए डेलॉइट हैस्किन्स एंड सेल्स पर **2** करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अतिरिक्त चार्टर्ड अकाउंटेड ए.बी.जानी और राकेश शर्मा पर क्रमशः **10** लाख रुपये और **5** लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) जानी को पांच साल के लिए ऑडिट करने से रोक दिया गया है, जबकि एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यूअर (ईक्यूसीआर) शर्मा पर तीन साल का प्रतिबंध लगाय गया।

एनएफआरए ने इस बात पर प्रकाश डाला कि लेखा परीक्षक पेशेवर संदेह का प्रयोग करने में विफल रहे, प्रबंधन के दावों की उपेक्षा की और अनधिकृत गारंटी, समय से पहले सावधि जमा बंद करने और निधि के दुरूपयोग को नजरअंदाज किया–ये सभी जेडईईएल के अध्यक्ष और प्रबंधन से संबंधित है।

## BROADCASTERS URGE FOR FAIRPLAY

At an open house discussion held by the Telecom Regulatory Authority of India (TRAI) on its consultation paper regarding ground-based broadcasters (GBBs), stakeholders emphasized the need to treat GBBs and satellite-based broadcasters (SBBs) equitably.




Participants sought clarification on the definition of terrestrial communication used in the consultation paper. The All India Digital Cable Federation (AIDCF) called for distinctions between GBBs and SBBs based on transmission mediums.

## प्रसारकों ने निष्पक्षता का आग्रह किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा ग्राउंड आधारित प्रसारकों (जीबीबी) के बारे में अपने परामर्श पत्र पर आयोजित एक ओपन हाउस चर्चा में, हितधारकों ने जीबीबी और सैटेलाइट आधारित प्रसारकों (एसबीबी) के साथ समान व्यवहार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रतिभागियों ने परामर्श पत्र में प्रयुक्त टेरस्ट्रियल संचार की परिभाषा पर स्पष्टीकरण मांगा। ऑल इंडिया डिजिटल केबल फेडरेशन (एआईडीसीएफ) ने ट्रांसमिशन माध्यमों के आधार पर जीबीबी और एसबीबी के बीच अंतर करने का आह्वान किया।

## RAJAT SHARMA DEEPFAKE CONTENT

The Delhi High Court has issued an interim order directing the removal of AI-generated deepfake content misusing the likeness of senior journalist Rajat Sharma.



Sharma alleged that the content falsely endorsed drugs for diabetes, joint pain, and other ailments, infringing his personality and publicity rights. The court acknowledged the

## रजत शर्मा डीपफेक कंटेंट

दिल्ली उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा की छवि का दुरूपयोग करते हुए एआई द्वारा निर्मित डीपफेक कंटेंट को हटाने का अंतरिम आदेश जारी किया है।

शर्मा ने आरोप लगाया कि इस सामग्री में मधुमेह, जोड़ों के दर्द और अन्य बीमारियों के लिए दवाओं का गलत तरीके से प्रचार किया गया है जिससे उनके व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। अदालत ने इस तरह के

potential harm caused by such fraudulent endorsements and will consider a permanent injunction in the matter.

## NEW IBDF PRESIDENT

The Indian Broadcasting & Digital Foundation (IBDF) announced Kevin Vaz as its new president during its 25th Annual General Meeting (AGM). Rajat Sharma, Gaurav Banerjee, and R. Mahesh Kumar were elected vice presidents, while I. Venkat was named treasurer.




The AGM also revealed notable board appointments, including Aroon Purie (TV Today), Gaurav Dwivedi (Prasar Bharati), and Punit Goenka (Zee Media), among others.

## REGULATION ON DD FREE DISH

The Telecom Disputes Settlement and Appellate Tribunal (TDSAT) declined broadcasters' requests to stay TRAI's tariff regulation regarding pay channels on DD Free Dish. Broadcasters must file a new Reference Interconnect Offer (RIO) within two weeks.

## CRACKDOWN ON MSO REGISTRATIONS

As of November 2024, the Ministry of Information and Broadcasting reported a drop in Multi-System Operator (MSO) registrations to 843, compared to 998 in 2023. Over the past decade, more than 1,000 MSO registrations were canceled due to non-compliance or inactivity.

## WARNER BROS DISCOVERY RESTRUCTURES

Warner Bros Discovery has announced plans to separate its TV networks and streaming/studio business into two distinct units. This restructuring aims to maximize profitability for its TV division while driving growth in its streaming and studio sectors.■

धोखाधड़ी प्रचार से होने वाले संभावित नुकसान को स्वीकार किया और इस मामले में स्थायी निषेधाज्ञा पर विचार करेगी।

## आईबीडीएफ के नये अध्यक्ष

इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) ने अपनी 25वीं वर्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान केविन वाज को अपना नया अध्यक्ष घोषित किया। रजत शर्मा, गौरव बनर्जी और आर.महेश कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया, जबकि आई.वेंकट को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

एजीएम में बोर्ड के कई उल्लेखनीय नियुक्तियों का भी खुलासा हुआ, जिसमें अरूण पुरी (टीवी टूडे), गौरव द्विवेदी (प्रसार भारती) और पुनीत गोयनका (जी मीडिया) शामिल हैं।

## डीडी फ्रीडिश पर विनियमन

दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (टीडीसैट) ने डीडी फ्री डिश पर पे चैनलों के संबंध में ट्राई के टैरिफ विनियमन पर रोक लगाने के प्रसारकों के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। प्रसारकों को दो सप्ताह के भीतर एक नया संदर्भ इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) दाखिल करना होगा।

## एमएसओ पंजीकरण पर कार्रवाई

नवंबर 2024 तक, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मल्टी सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) पंजीकरण में 2023 में 998 की तुलना में 843 तक की गिरावट की सूचना दी। पिछले एक दशक में गैर अनुपालन या निष्क्रियता के कारण आईएंडबी मंत्रालय द्वारा 1000 से अधिक एमएसओ पंजीकरण रद्द किये गये।

## वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी पुर्नगठन

वार्नर ब्रदस डिस्कवरी ने अपने टीवी नेटवर्क और स्ट्रीमिंग/स्टूडियो व्यवसाय को दो अलग-अलग इकाइयों बांटने की योजना की घोषणा की है। इस पुर्नगठन का उद्देश्य अपने टीवी डिवीजन के लिए लाभप्रदता को अधिकतम करना है, जबकि इसके स्ट्रीमिंग और स्टूडियो क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा देना है।■